आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 29.03.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में पर्यावरण पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोकथाम के लिए सभी विभागों को अपने स्तर से प्रयास करने के निर्देश दिए हैं।
- रुद्रप्रयाग जिले में जखोली ब्लॉक के 18 सरकारी माध्यमिक स्कूल नये शिक्षण सत्र से वाई–फाई सुविधा से लैस होंगे।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

उद्घाटन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में पर्यावरण पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस सम्मेलन का उद्देश्य पर्यावरण विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और कार्यकर्ताओं को एक साथ लाकर महत्वपूर्ण पर्यावरणीय मुद्दों पर चर्चा करना और कार्रवाई योग्य समाधान तैयार करना है। सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा किया जा रहा है। इस सम्मेलन में चार प्रमुख तकनीकी सत्र होंगे, जिनमें जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण नियंत्रण, जैव विविधता संरक्षण और सतत विकास सहित पर्यावरण के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की जाएगी।

हेल्पलाइन बैठक

प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल देहरादून में 1 0 6 4 हेल्पलाइन की बैठक में सभी विभागों को अपने स्तर से प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागों में जिन मामलों में अधिक शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, विभागों द्वारा इसके समाधान के लिए उचित कार्यवाही की जाए। एक ही स्थान पर लंबे समय से तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों का समय–समय पर ट्रांसफर किया जाए। मुख्यमंत्री ने हेल्पलाइन की प्रभावशीलता को नियमित बनाये रखने के लिए सभी विभागों को विजिलेंस को सहयोग करने को कहा। श्री धामी ने कहा कि 1 9 0 5 के साथ 1 0 6 4 हेल्पलाइन की भी समीक्षा की जायेगी। साथ ही भ्रष्टाचार की शिकायत पर सघन जांच के साथ कठोर कार्यवाही की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए की शिकायतकर्ता की गोपनीयता बनी रहे और भ्रष्टाचार की शिकायत होने पर यदि वह सही पाई जाती है, तो शिकायतकर्ताओं को प्रोत्साहित भी किया जाए। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को रोकने के लिए विभाग स्तर पर नोडल अधिकारी बनाकर उन्हें प्रशिक्षण दिए जाने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि पिछले तीन सालों में कुल 66 लोगों को ट्रैप किया जा चुका है। 72 भ्रष्टाचारियों को हिरासत में भी लिया गया है।

<u>भंडार गृह</u>

बाबा केदार की पंचमुखी चल उत्सव डोली इस बार केदारनाथ में अपने नए भंडार गृह में विराजमान होगी। यह डोली पहली मई को यात्रा के दौरान इस भवन में पहुंचेगी, जो केदारनाथ पुनर्निर्माण के तहत तैयार किया गया है। 2013 में आई आपदा के बाद यह पहला अवसर है जब बाबा केदार की डोली को अपना भंडार गृह मिल रहा है।

नया तीन मंजिला भवन अब बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति का मुख्यालय बन चुका है, जिसमें रावल और मुख्य पुजारी का निवास स्थान सहित अन्य कर्मचारियों के आवास की व्यवस्था भी की गई है। भवन में समिति के अध्यक्ष और मुख्य कार्यधिकारी के कार्यालय भी हैं, साथ ही भोग मंडी, पूजा और अन्य कक्ष भी स्थित हैं।

इस भवन के तैयार होने से अब यात्रा संचालन में आसानी होगी। इससे पहले, आपदा के बाद से यात्रा के दौरान किराए के कमरे लेकर यात्रा का संचालन किया जा रहा था। इस नए भवन में बाबा केदार का भोग भी तैयार होगा।

<u>निरीक्षण</u>

टिहरी के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने आज चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग–34 पर चोपड़ियाली, खाड़ी, ताछिला, बगड़धार जैसे संवेदनशील स्थानों पर मरम्मत कार्यों की जानकारी ली।

उन्होंने बीआरओ के अधिकारियों को यात्रा से पहले सड़कों से मालबा हटाने और सड़क किनारे नालियों की सफाई कराने के निर्देश दिए। खाड़ी में सड़क से मालबा हटाने, पैराफिट बनाने, क्रैश बैरियर और साइनेज लगाने की भी कहा गया, ताकि तीर्थ यात्रियों को कोई समस्या न हो।

<u>नवरात्र</u>

आकाशवाणी का यूट्यूब चैनल– आराधना नवरात्र के पावन अवसर पर विशेष कार्यक्रम प्रसारित करेगा। श्रोताओं को कल से 6 अप्रैल तक गहन आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करने के लिए आकाशवाणी तैयार है। हमारे संवाददाता ने बताया कि आराधना चैनल नवरात्र के मर्म के बारे में विशेष भक्ति कार्यक्रमों की श्रृंखला दर्शकों तक पहुँचाएगा।

वाईफाई

नये शिक्षण सत्र से रुद्रप्रयाग जिले के जखोली ब्लॉक के 18 सरकारी माध्यमिक विद्यालय वाई–फाई इंटरनेट सुविधा से लैस होंगे। इस सुविधा के लिए शिक्षा विभाग को खनन न्याय निधि से 32 लाख रुपये उपलब्ध कराए गए हैं। पहले चरण में जीआईसी गोर्ती, सिद्धसौड़, बुढ़ना, पौंठी, स्वीलीसेम, तैला, जवाड़ी, तिमली–बड़मा, सौंराखाल, कांडा–भरदार, किमाणा–दानकोट आदि शामिल हैं। यहां वाईफाई सिस्टम लगने से इन विद्यालयों में पठन–पाठन आसान हो जाएगा। साथ ही ऑनलाइन विभागीय कामकाज में मदद मिलेगी। खास बात यह है कि, विद्यालयों में ऑनलाइन कक्षाएं संचालित होंगी, जिससे बोर्ड परीक्षा, प्रतियोगी परीक्षा के लिए छात्र–छात्राओं को तैयारी कराई जा सकेगी। विभाग ने विद्यालयों में जरूरी उपकरण लगाने के लिए निविदा आमंत्रित कर दी है। रुद्रप्रयाग विधानसभा के विधायक भरत सिंह चौधरी ने बताया कि स्कूलों को वाईफाई इंटरनेट से जोड़ने का मुख्य उद्देश्य छात्र–छात्राओं के लिए विषय विशेषज्ञों की वर्चुअल कक्षाएं शुरू कराना है। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की विषयवार तैयारी कैसी की जाए, इसके लिए कोचिंग सेंटर से संपर्क कर कक्षाएं आयोजित की जा सकती हैं।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कड़ी होगी। मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए.आइ.आर. मोबाइल ऐप पर किया जाएगा।

इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

पंजीकरण

रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने जिले में सरकारी योजनाओं के लाभार्थी, आशा, पंचायत प्रतिनिधि व सरकारी कर्मियों के अलावा अन्य सभी समय रहते कराएं समान नागरिकता संहिता पंजीकरण कराने की अपील की। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती ने आम जनमानस को समय पर विवाह पंजीकरण करने को कहा है, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की कानूनी या प्रशासनिक असुविधा से बचा जा सके। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मार्च 2010 के बाद हुए विवाह वाले सभी दंपतियों के लिए यह पंजीकरण अनिवार्य है। प्रदेश सरकार ने विवाह पंजीकरण के लिए 6 माह का समय निर्धारित किया था, जिसमें से लगभग 2 माह पहले ही बीत चुके हैं। अब केवल 4 माह शेष हैं, इसलिए समय पर पंजीकरण कराना आवश्यक है, जिससे अंतिम समय में आने वाली परेशानियों से बचा जा सके। उन्होंने सभी पंचायत प्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों से भी इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करने और अधिक से अधिक लोगों को इस कानून के तहत पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित करने की अपील की है।

बैठक

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में देहरादून में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें कई अहम निर्णय लिए गए। इस बैठक में सड़क सुरक्षा के लिए विभिन्न सुधारों को मंजूरी दी गई और मौके पर ही फंड स्वीकृत किए गए।

सड़क सुरक्षा समिति ने स्पीड ब्रेकर, डिवाइडर, ट्रैफिक लाइट्स लगाने के साथ—साथ दुर्घटना संभावित स्थानों पर चिन्हित खम्बे, ट्रांसफार्मर और चार वाइन शॉप हटाने का आदेश दिया। इसके अलावा, खराब कैमरों पर पेनल्टी लगाने की भी बात की गई।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि सुरक्षा समिति द्वारा लिए गए निर्णयों पर तुरंत कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए निर्धारित कार्यों में कोई भी देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक के दौरान किमाड़ी मोटर मार्ग सुधार के लिए 40 लाख रुपये और यातायात सुधार के लिए 10 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा, विभिन्न दुर्घटना संभावित स्थानों पर सुधार के निर्देश दिए गए और सीसीटीवी, डिवाइडर, पीली पट्टी, स्पीड डिस्प्ले बोर्ड आदि की स्थापना की योजना बनाई गई।

सुविधा

इस बार केदारनाथ यात्रा में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को पैदल मार्ग पर भोजन बनाने की सुविधा दी जाएगी। विभागीय स्तर पर उन्हें किचन सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे यात्रा के दौरान भोजन पर होने वाले खर्च से बच सकेंगे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राम प्रकाश ने इस पहल की शुरुआत की है। इसके तहत कर्मचारियों को एम०आर०पी पर इंडक्शन और आवश्यक बर्तन दिए जाएंगे, ताकि वे स्वयं भोजन बना सकें और अपनी पसंद का खाना खा सकें। इससे कर्मचारियों को अपने बजट के अनुसार भोजन मिलेगा, जिससे वे पूरी तरह से अपनी ड्यूटी पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

इसके अलावा, एमआरपी पर कर्मचारियों के विश्राम के लिए उचित व्यवस्था भी की जा रही है, जिसमें चीरबासा और छोड़ी में दो—दो बेड की व्यवस्था का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।